प्रेषिका,

श्रीमती शैला
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय
गौतमबुद्धनगर।

सेवा में,

श्रीमान उप निबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– श्रीमान प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय,
गौतमबुनगर

विषयः– क्रय किये गये फलैट के संदर्भ में सूचना।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मैंने दिनांक 14.06.2006 को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में अपर सिविल जज (जू0डि0) में ज्यातिबा फूले नगर जनपद न्यायालय में पदभार ग्रहण किया था।

वर्तमान में मेरा सम्पूर्ण वेतन–1,92,387/–रूपये प्रतिमाह है तथा मेरे पति श्री मनोज कुमार न्यायिक सेवा में हैं जोकि अपर जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के पद पर नियुक्त हैं। इस संव्यवहार के पूर्व अपनी चल–अचल सम्पत्ति की सूचना मेरे द्वारा प्रोपर्टी स्टेटमेंट की वावत नियमानुसार प्रेषित की जा चुकी है।

मेरे द्वारा गोवर्धन एन्कलेव योजना रायबरेली, लखनऊ उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद लखनऊ से दिनांक 26.08.2021 को फ्लैट सं–20/डी–4/403, 2बीएचके, टाईप–बी फ्लैट का पंजीकरण कराया गया है जो कि वर्ष 2015 में लॉटरी ड्रॉ के द्वारा मुझे आवंटित हुआ था जिसकी अंकन–2,32,000/–रूपये त्रैमासिक किश्त थी जो सेलरी एकाउण्ट से 11 (ग्यारह) माह की त्रैमासिक किश्तों में अदा की गई है तथा पंजीयन शुल्क, स्टाम्प शुल्क व अन्य शुल्क भी मेरे द्वारा सैलरी एकाउण्ट से कुल धनराशि 45,99,527/–रू0 उक्त फ्लैट हेतु अदा की गई है जिसमें मेरे द्वारा 1,00,000/–रूपये अपने ससुर से चैक के जरिये दिनांक 25.02.2016 को अपने खाते में लिये गये हैं तथा 1,25,000/–रूपये का ऋण मेरे द्वारा एल.आई.सी. पॉलिसी नं0–3139334684 पर लिया गया था जो कि मेरी सेलरी से पे हो चुका है तथा 2,00,000/–रूपये एसबीआई बैंक बदायूं से व्यक्तिगत ऋण लिया गया है जोकि मेरी सैलरी से पे हो चुका है तथा 70,000/–रूपये मेरे द्वारा दिनांक 14.09.2018 को मेरे पति श्री मनोज कुमार से जरिये चैक मेरे एकाउण्ट में लिया गया है। उक्त फ्लैट का कब्जा मुझे दिनांक 25.09.2021 को उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद लखनऊ द्वारा प्राप्त कराया गया है।

मैंने माननीय उच्च न्यायालय से इस हेतु कोई अग्रिम धनराशि/ऋण नहीं लिया है।

मेरा कोई सम्बन्ध विक्रेता उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण लखनऊ से नहीं है, न ही लखनऊ विकास प्राधिकरण का कोई मामला मेरे न्यायालय में लम्बित है और न कभी लम्बित रहा है।

फ्लैट की क्रय मूल्य–43,14,937/–रू0, स्टाम्प शुल्क–2,38,800/–रू0 तथा पंजीयन शुल्क–35,590/–रू0 कुल योग–45,99,527/–रू0 पर हुआ।

उपरोक्त सूचना माननीय महोदय के समक्ष सादर अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जा रही है।

"सादर प्रेषित।"

भवदीया,
Shaila
श्रीमती शैला
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय
गौतमबुद्धनगर।

दिनांक–13.12.2021

संलग्नकः–गोवर्धन एन्कलेव योजना लखनऊ द्वारा उक्त फ्लैट की बावत की गई रजिस्ट्री की प्रति।

Endorsment No. 2772/XV Dt. 13.12.21
Forwarded to श्रीमान उप निबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

Principal Judge,
Family Court
Gautam Budh N
13/12/21.